सुविचार

एक नया दिन, नई उम्मीदें और नए जोश के साथ आपका इंतज़ार कर रहा है, सुप्रभात!

दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

न रिश्वत लें, न रिश्वत देंगे

वर्षः 11 ● डिजिटल अंक : 111 ● मुंबई, गुरुवार 19 दिसम्बर-2024 ● प्रधान सम्पादकः पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 02 ● मूल्य : 000 ● निःशुल्क ●

## खबर संक्षेप

### मेवाड़ जनशक्ति दल का सदस्यता अभियान शुरू




पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** मेवाड़ जनशक्ति दल उदयपुर के संस्थापक नरेश कुमार शर्मा एवं मुख्य संरक्षक अतुल शर्मा के अनुशंसा पर जिला मंत्री हरीश शर्मा ने बोहरा गणेशजी मंदिर जाकर सदस्यता अभियान की शुरुआत की। मंदिर में पूजा अर्चना कर संगठन को मजूबत एवं विस्तार की कामना की। इस अवसर पर संगठन के हरीश शर्मा, हर्षित, विकास, इंद्र जोशी, अरुण कलाल, ललित जोशी, मोहन पुरबिया, राजेंद्र मीणा उपस्थित थे।

### सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर गुरुवार से होगा आयोजित

पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़।** केंद्र सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग तथा राज्य सरकार के जन अभियोग निराकरण विभाग के निर्देशानुसार प्रतापगढ़ जिले में आगामी 19 दिसम्बर, गुरूवार से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गांव की ओर का आयोजन किया जावेगा। इस संबंध में जिला कलेक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया ने बताया कि आयोजित होने वाले सुशासन सप्ताह के दौरान पंचायत, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर पूर्व में प्राप्त हुए परिवेदनाओं का निस्तारण किया जाएगा, इसके साथ सुशासन सप्ताह के दौरान प्राप्त परिवेदनाओं का भी निस्तारण किया जाएगा। इस सुशासन सप्ताह में प्रशासन द्वारा विभागीय योजनाओं में लाभान्वित होने वाले लाभार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ा जाएगा।

### एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर 19 को

पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** जिला रोजगार कार्यालय प्रतापगढ़ व अन्य सहभागी जिला उद्योग केन्द्र, आईटीआई एवं आरएलडीसी प्रतापगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में 19 दिसंबर, गुरुवार को प्रातः 11 से 4 बजे तक मोहनलाल सुखाड़िया स्टेडियम मैदान, नीमच नाका प्रतापगढ़ में एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन होगा। जिला रोजगार अधिकारी भेरूलाल मीणा ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र से 24 संस्था से नियोजक आकर बेरोजगार आशार्थी को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक योग्यता कम से कम पांचवी उत्तीर्ण एवं आयु न्यूनतम 18 वर्ष से अधिकतम 35 वर्ष तक के आशार्थी शिविर में भाग ले सकते है।

### जिला स्तरीय जनसुनवाई आज

पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिला स्तरीय जनसुनवाई आज गुरुवार को जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित वीसी कक्ष में 11 बजे से 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत ने बताया कि जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं व समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए प्रतिमाह त्रिस्तरीय जनसुनवाई तृतीय गुरूवार को प्रातः 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित वीसी कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से आयोजित होगी।

---

**बेगस स्थित केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान में गृह रक्षा के नवनियुक्त आरक्षियों का भव्य दीक्षांत समारोह हुआ संपन्न**

## वर्तमान चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए संगठन के सुदृढ़ीकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठा रही है सरकारः गृह रक्षा मंत्री खराड़ी






पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** बेगस में फतेहपुरा स्थित गृह रक्षा के केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में नवनियुक्त आरक्षी, आरक्षी ड्रममैन, आरक्षी बिगुलर एवं आरक्षी वाहन चालकों का भव्य दीक्षांत समारोह बुधवार को आयोजित किया गया। समारोह जनजाति क्षेत्रीय विकास एवं गृह रक्षा विभाग मंत्री बाबूलाल खराड़ी के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खराड़ी ने कहा कि सरकार वर्तमान चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए गृह रक्षा संगठन के सुदृढ़ीकरण के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। विभाग के 07 कार्यालयों के निर्माण के लिए शीघ्र ही बजट आवंटन का प्रयास किया जा रहा है। विभाग में 04 उप समादेष्टा, 84 प्लाटून कमाण्डर एवं 149 आरक्षियों के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शीघ्र ही प्रारम्भ की जावेगी। दो अतिरिक्त सीमा गृह रक्षा बटालियन के गठन के भी प्रयास किये जा रहे है। महानिदेशक एवं महासमादेष्टा राजेश निर्वाण ने इस दौरान कहा कि विभाग में लगभग 20 वर्षों से भी अधिक समय के उपरांत दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें 88 पुरूष एवं 25 महिला आरक्षी, आरक्षी वाहन चालक सम्मिलित हुए है।

इनका प्रशिक्षण पुलिस ट्रेनिंग स्कूल अलवर में 16 सप्ताह, केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में 96 दिवस तथा फील्ड ट्रैनिंग के लिए शहरी एवं सीमा गृह रक्षा दल में 1-1 माह के लिए संपन्न हुआ है। साथ ही बताया गया कि माह अप्रैल 2024 से नवंबर 2024 तक स्वयंसेवकों के नियोजन में 1836 की वृद्धि हुई है। कार्यक्रम में पारितोषिक वितरण के दौरान मुख्य अतिथि खराड़ी द्वारा 26 जनवरी 2023 के अवसर पर गृह रक्षा विभाग के उप समादेष्टा रामजीलाल जाट एवं मानद कंपनी कमाण्डर मोहन सिंह चौहान को राष्ट्पति द्वारा प्रदत्त सराहनीय सेवा पदक एवं स्क्रॉल प्रदान की। इसके अतिरिक्त मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आरक्षी वाहन चालकों में रामस्वरूप गढ़वाल को आलराउण्डर एवं इनडोर में प्रथम तथा श्री नन्दा राम जाट को आउटडोर में प्रथम तथा आरक्षियों में रजनीश कुमार को आलराउण्डर एवं इन्डोर में प्रथम तथा श्री सता राम को आउटडोर में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए प्रशस्ति पत्र मय ट्रॉफी प्रदान की गयी। कार्यक्रम के शुरुआत में ड्रम की जोशीली ताल पर कदम से कदम मिलाते हुए नवनियुक्त आरक्षियों द्वारा राष्टीय ध्वज तथा विभागीय ध्वज के साक्ष्य में शपथ ग्रहण की गयी। परेड का नेतृत्व परेड कमांडर आरक्षी ममता चौधरी ने किया। दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री खराड़ी को डीजी निर्वाण द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। अंत में केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक द्वारा कार्यक्रम में पधारे सभी अधिकारियों, अतिथियों एवं मीडिया कर्मियों को धन्यवाद प्रेषित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में महानिदेशक राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो हेमन्त प्रियदर्शी, विशिष्ट शासन सचिव गृह अनुप्रेरणा कुंतल एवं गृह रक्षा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, आरक्षियों के परिवारजन, स्वयंसेवक तथा अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, मीडियाकर्मी तथा अतिथि शामिल हुए।

---

### निःशुल्क नैत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में 376 रोगियों की जांच एवं 105 ऑपरेशन के लिए चयनित



पदमावत मीडिया

**भीनमाल ।** लायंस क्लब जालोर के तत्वावधान में निशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में 376 रोगियों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया । क्लब सचिव दीपेश सिद्धावत ने बताया कि शिविर आदिनाथ फतेह ग्लोबल आई हॉस्पिटल, ब्रह्माकुमारी राज योग केन्द्र के सौजन्य से स्व. कानराज छोगालाल मेहता की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में उनके पुत्र कालूराज मेहता एवं दिलीपराज मेहता द्वारा लगाया गया । यह शिविर राजेंद्रसूरि जैन दादावाड़ी परिसर में आयोजित किया गया। अध्यक्ष लायन कालूराज मेहता ने बताया कि शिविर के दौरान नैत्र रोगियों की जांच कर 105 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया । जांच के बाद ऑपरेशन योग्य मरीजों का केशवना रोड स्थित आदिनाथ फतेह ग्लोबल आई हॉस्पिटल में ऑपरेशन किया जाएगा । कार्यक्रम मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि लायंस क्लब के अध्यक्ष कालूराज मेहता, सचिव दीपेश सिद्धावत, रमेश बोहरा, किशन माहेश्वरी, राजेंद्र भूतडा, संजय जेथलिया, एस पी शर्मा, राकेश भंसाली, सत्यनारायण माहेश्वरी, राजेंद्र जैन, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, कनिष्ठ चौधरी, नन्दकिशोर बंसल, नथमल बजाज, दामोदर भूतडा, धर्मेन्द्र पटवा, रमेशकुमार जैन, दिलीपराज मेहता, अरविन्द भंडारी, विनोद मेहता, मधुश्याम गुप्ता, भूराराम गर्ग, लिनेस क्लब अध्यक्ष मंजू बोहरा, बी के रंजू बहिन, बी के ज्योति बहिन सहित नगर के गण मान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

---

### भगवा भारत फ्लैग फाउंडेशन के तत्वाधान में लगाया गया 40 फीट का भगवा ध्वज

पदमावत मीडिया

**संवाददाता, ईश्वर लाल सुथार**



सलूंबर । जिले के कराकला गांव में मंगलवार को भगवा भारत फ्लैग एंड फाउंडेशन के बैनर तले कराकला गांव के यूवाओ द्वारा गांव के मुख्य चौराहे पर 40 फीट ऊंचा फगवा ध्वज लगाया गया। सभी यूवाओ द्वारा आर्थिक सहयोग करके इस कार्य को पूर्ण किया गया। गांव के ही ऋषि मेहता का कहना हे कि भगवा ध्वज हमारी संस्कृति, हिंदुत्व और सनातन की पहचान है। साथ ही ये ध्वज हमेशा आदर्श जीवन और अहिंसा का जीवन जीने का प्रतीक माना जाता हे। इस दौरान गांव के ही विकास मेहता, अमन सुथार, अजय सेवक, लोकेश सुथार, विनोद पंचाल, कल्पेश कलाल, रवि कलाल, यश पंड्या एवम् गांव के कई युवा उपस्थित रहे।

---

## शासन सचिव स्कूल शिक्षा ने की समग्र शिक्षा एवं स्टार्स प्रोजेक्ट कार्यों की समीक्षा

पदमावत मीडिया



**जयपुर ।** स्कूल शिक्षा, भाषा, पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज प्रारंभिक शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल की अध्यक्षता में शिक्षा संकुल में समग्र शिक्षा एवं स्टार्स प्रोजेक्ट की मिड टर्म रिव्यू बैठक हुई।

बैठक का उद्देश्य समग्र शिक्षा एवं स्टार्स के विभिन्न प्रोजेक्ट्स की गतिविधियों की प्रगति का आकलन करना और वर्ष 2024-25 की कार्य योजना के तहत आगामी लक्ष्यों को सुनिश्चित करना था। इस मौके पर शासन सचिव ने शिक्षा विभाग के अंतर्गत पिछले सालों की प्रगति रिपोर्ट, उपलब्धियों, लम्बित मामलों एवं आगामी एजेंडों के बारे में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने आईसीटी लैब, स्मार्ट क्लास और वीएसके की मॉनिटरिंग करने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही साथ राजकीय विद्यालयों में चल रही योजनाओं की प्रगति, संचालन और नवाचारों पर भी मंथन किया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों में राज्य परियोजना निदेशक अविचल चतुर्वेदी, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक डॉ.रौनक बैरागी, एवं सुरेश कुमार बुनकर सहित विभाग के उपायुक्त एवं अधिकारीगण शामिल रहे।

---

## राष्ट्रीय लोक अदालत में पीडीसी और वीसीआर मामलों के निपटारे के लिए जन अपील

पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** 22 दिसंबर 2024 को आयोजित होने वाली राष्टीय लोक अदालत में विद्युत विभाग, प्रतापगढ़ द्वारा लंबित पीडीसी और सतर्कता (वीसीआर) मामलों का त्वरित और आपसी सहमति से समाधान किया जाएगा। यह लोक अदालत उन उपभोक्ताओं के लिए एक सुनहरा अवसर है जो अपनी लंबित बकाया राशि का निस्तारण शीघ्रता और सरलता से करना चाहते हैं। विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि दिनांक 22 दिसंबर 2024 को जिला/तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण में उपस्थित होकर अथवा किसी भी विद्युत विभाग के कार्यालय में आज से 22 दिसंबर तक संपर्क कर लंबित पीडीसी और सतर्कता (वीसीआर) मामलों का अपने मामलों का समाधान करा सकते हैं। लोक अदालत के माध्यम से मामलों का आपसी सहमति के आधार पर त्वरित निपटारा होता है, जिससे सभी पक्ष संतुष्ट रहते हैं और समय व श्रम की बचत होती हैं। साथ ही लोक अदालत में भाग लेने के लिए कोई शुल्क नहीं देना होता है। अधीक्षण अभियंता अग्रवाल ने विद्युत विभाग वृत प्रतापगढ़ के उपभोक्ताओं से इस अवसर का लाभ उठाने और अपने लंबित मामलों का निस्तारण करवाने के लिए अपील की है।

---

## सकल जैन समाज का क्रिकेट महाकुंभ 7 से 12 जनवरी तक फील्ड क्लब में

पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** जैन समाज की अग्रणी संस्था जैन इन्टरनेशनल ट्रेड ऑर्ग्रेनाईजेशन जीतो की ओर से आगामी 7 जनवरी से 12 जनवरी तक जीतो प्रीमियर लीग 2025 का आयोजन फील्ड क्लब किक्रेट मैदान में आयोजित होगा। अध्यक्ष यशवंत आंचलिया ने बताया कि सम्पूर्ण जैन समाज में खेलों के माध्यम से आपसी सौहार्द वृद्धि और जीवन में खेल की महत्वता के उद्देश्य से 52 टीमों के माध्मय से 572 खिलाड़ी मैदान में उतरेंगे। महिला सशक्तिकरण की दिशा में 16 टीमें महिलाओं की होगी। मुख्य सचिव अभिषेक संचेती ने बताया कि दूधिया रोशनी में टेनिस बॉल से 6-6 ओवर के मैच खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट में उदयपुर शहर और उपनगर क्षेत्रों से समाज की टीमें भाग ले रही है। 7 जनवरी शाम 4 बजे प्रतियोगिता का भव्य समारोह में उदघाटन होगा। 6 दिवसीय आयोजन को देखने बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचेंगे जिनके लिए पवेलियन के माध्यम से बैठने की उपयुक्त व्यवस्था रहेगी। लीग निदेशक नितुल चण्डालिया ने बताया कि टीमों के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 20 दिसम्बर रखी गई है। जिसको लेकर समाजजनों में पूर्ण उत्साह है। संयोजक लोकेश कोठारी, सह संयोजक राजेन्द्र जैन ने बताया कि लेडिज विंग अध्यक्षा अंजलि सुराणा यूथ विंग अध्यक्ष दिव्यद दोशी के नेतृत्व में विभिन्न टीमें आयोजन को सफल बनाने में जुटी हुई है। समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

---

**प्रथम वार्षिक अधिवेशन एवं कार्यकर्ता सम्मान का भी होगा आयोजन**

## जय एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन का शपथ ग्रहण समारोह 25 दिसम्बर को

पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** जय एकलिंगनाथ राष्टीय सेवा संगठन का पहला स्नेह मिलन, वार्षिक अधिवेशन एवं शपथ ग्रहण समारोह बुधवार 25 नवम्बर को आयोजित होगा। संस्थापक एवं राष्टीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी ने बताया कि आगामी 25 नवम्बर बुधवार को सुबह 11 बजे अशोक नगर स्थित विज्ञान समिति सभागार में जय एकलिंगनाथ राष्टीय सेवा संगठन का शपथ ग्रहण समारोह एवं प्रथम वार्षिक अधिवेशन का आयोजन होगा। जिसमें आगामी अक्षय तृतीया 30 अप्रेल 2025 को सर्व समाज का सामूहिक विवाह समारोह को लेकर चर्चा की जाएगी। इस संगठन का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के प्रति जागरूकता, चिकित्सा सेवा, पर्यावरण की रक्षा एवं महिला उत्थान को लेकर अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर इनका प्रात्सोहन करना है। समाजसेवी एवं सरंक्षक एडवोकेट निर्मल कुमार पण्डित ने बताया कि इस संगठन का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के प्रति जागरूकता, चिकित्सा सेवा, पर्यावरण की रक्षा एवं महिला उत्थान को लेकर अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर इनका प्रात्सोहन करना है। इस नए संगठन से मानव सेवा एवं बच्चों की शिक्षा व चिकित्सा को मुख्य लक्ष्य मानकर सेवा कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर राष्टीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी, संरक्षक निर्मल पण्डित, राष्टीय सचिव मोहनलाल सुथार, कोषाध्यक्ष प्रेमकुमार सुथार, उपाध्यक्ष लालचंद खटीक, मंत्री राजेश कुमार खटीक, उप सचिव भरत कुमार रेगर व जिलाध्यक्ष जसवंत तेली, प्रदेशाध्यक्ष मनीष पोखरना, महिला विंग प्रदेशाध्यक्ष संतोष तंवर, युवा जिला अध्यक्ष हैप्पी सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष रूण वैष्णव, पिलादर क्षेत्रिय अध्यक्ष भगवतीलाल मीणा, मीडिया प्रभारी शुभम आगाला, जिला उपाध्यक्ष विष्णु चंदेल, सलूम्बर जिला उपाध्यक्ष कैलाश कलाल, संगठन मंत्री खेमराज पटेल, सलूम्बर जिलाध्यक्ष अनिल सुथार, जिला उपाध्यक्ष नाथूलाल धनघर आदि मौजूद रहे।

---

## बीएन शिक्षा संकाय में खेल एवं सांस्कृतिक सप्ताह का आगाज

पदमावत मीडिया






**उदयपुर।** शिक्षा संकाय, भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय उदयपुर के तत्वाधान में सह शैक्षणिक गतिविधियों के तहत खेल एवं सांस्कृतिक सप्ताह का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए शिक्षा संकाय की अधिष्ठाता प्रो शशि चित्तौड़ा ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो चेतन सिंह चौहान, प्राचार्य, फार्मेसी महाविद्यालय ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया। पधारे हुए सम्मानित अतिथि का स्वागत अधिष्ठाता प्रो चित्तौड़ा, शिक्षा संकाय द्वारा किया गया। प्रो चौहान द्वारा खेल तथा सांस्कृतिक सप्ताह का उद्घाटन किया गया और अतिथि उद्बोधन मे खेलों का महत्व और उनकी आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सभी विद्यार्थियों को अध्यापन कार्य के अतिरिक्त सह शैक्षणिक गतिविधियों में खेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए तथा खेलों को खेल की भावना के साथ खेलना चाहिए। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को खेल की शपथ दिलवाई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा शिक्षा संकाय द्वारा आयोजित राष्टीय संगोष्ठी की कर्नल (प्रो.) शिव सिंह सारंगदेवोत, कार्यवाहक अध्यक्ष, विद्या प्रचारिणी सभा, प्रो. महेन्द्र सिंह आगरिया, मंत्री, विद्या प्रचारिणी सभा, मोहब्बत सिंह राठौड़, प्रबंध निदेशक, विद्या प्रचारिणी सभा तथा डॉ निरंजन नारायण सिंह राठौड़, कुलसचिव, भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर शिक्षा संकाय के सभी प्रशिक्षणार्थी एव संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## सार समाचार

### निः शुल्क स्वर्ण प्राशन संस्कार शिविर संपन्न

पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़।** राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय प्रतापगढ़ स्थित आंचल प्रसूता केंद्र पर बुधवार को एक दिवसीय निःशुल्क स्वर्ण प्राशन संस्कार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 150 बच्चों को निशुल्क स्वर्ण प्राशन संस्कार दवा पिलाई गई। शिविर में वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ मुकेश कुमार शर्मा एवं आंचल प्रसूता केंद्र प्रभारी डॉ. मनिषा मीणा, नर्सिंग स्टाफ सोमेश्वर निनामा, जीवनलाल पारगी, रामकन्या रावत, मोनिका शर्मा परिचारक अरुण कुमार व्यास, सुनिल निनामा एवं इन्टर्न छात्रा लक्ष्मी, पंचकर्म मसाजर सपना इत्यादि चिकित्सालय स्टाफ मौजूद रहा। स्वर्ण प्राशन में ब्राह्मी, मधु, घृत सहित कई स्वास्थ्यवर्धक औषधि शामिल है, जो बच्चों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इससे शिशुओं में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और उनका हर मौसम में स्वास्थ बनाए रखने में महत्वपूर्ण होती है। आगामी स्वर्ण प्राशन संस्कार शिविर दिनांक 14 जनवरी 2025 को आयोजित किया जाएगा। अधिक से अधिक बच्चों को इसका लाभ दिलाने हेतु सभी अभीभावको से आयुर्वेदिक विभाग अपील करता है।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर आयोजित कार्यशाला में डॉक्टर प्रियंका सम्मानित




पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** आयुर्वेद विभाग की ओर से जयपुर के हरीश चंद्र माथुर संस्थान के भगवत सिंह मेहता सभागार में आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर आयोजित दो दिवसीय आवासीय कार्यशाला में राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय नयागांव बीरोटी जिला उदयपुर की प्रभारी डॉ प्रियंका कावत को सम्मानित किया गया। तीन चरणों में आयोजित कार्यशाला में अतिथियों द्वारा डॉ. प्रियंका कावत को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### डॉ. रिद्धिमा खमेसरा को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने किया सम्मानित



पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित फ्लेवर्स ऑफ इंडिया 2024 कार्यक्रम में डॉ. रिद्धिमा खमेसरा को भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने भारत की सबसे प्रसिद्ध आहार विशेषज्ञ एवं पोषण विशेषज्ञ अवार्ड से सम्मानित किया। उन्हें यह सम्मान खाद्य एवं पोषण के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए दिया गया। यह अवार्ड सर्व ऋतु सेवा फाउंडेशन एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में प्रदान किया गया।

### खेल महोत्सव के समापन पर होगा रक्तदान शिविर

पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** श्री विश्वकर्मा मेवाड़ा सुथार महासभा संभाग उदयपुर द्वारा 4 दिवसीय संभाग स्तरीय सामाजिक खेलकूद प्रतियोगिता द्वितीय 25 दिसम्बर से 29 दिसम्बर तक सुथार खेल महोत्सव रा. उ. मा. विद्यालय, सलूंबर में आयोजित होगा। समापन दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित होगा। जिसमें 100 यूनिट से अधिक रक्त संग्रहण की संभावना है। महासभा अध्यक्ष शंकरलाल माकड़सीमा व भंवरलाल थड़ा ने बताया कि खेलकूद के विशेष कार्यक्रम के दौरान 25 दिसम्बर बुधवार को उद्घाटन समारोह अतिथि बाल योगिनी शारदा नाथ महाराज देवल आश्रम सरसुनिया, उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, जिला पुलिस अधीक्षक सलूंबर राजेश यादव रहेंगे। उन्होंने बताया कि 26 दिसम्बर गुरुवार को सायं को सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

**प्रतापगढ़ जिले में थाना अरनोद पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

# जिला स्तर पर टॉप 10 वांटेड की सूची में शामिल 20 हजार का इनामी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया



**प्रतापगढ़।** जिले की अरनोद थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला स्तर पर टॉप 10 में वांछित बदमाश लाल सिंह पुत्र रूप सिंह राजपूत (35) निवासी रिछा थाना अरनोद को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना अरनोद एवं अजमेर के नसीराबाद थाने के मामले में 10-10 हजार रूपए इनामी बदमाश तीन राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश एवं हरियाणा में वांछित है। एसपी विनीत कुमार बंसल ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश थाना अरनोद में स्थाई वारण्टी व जानलेवा हमले के व थाना नसीराबाद में एनडीपीएस एक्ट के मामले में 10-10 हजार रूपये का ईनामी व थाना अरनोद के ही एससी/एससी एक्ट मे वांछित आरोपी तथा अंतरिम जमानत से फरार अपराधी है। जिला स्तरीय टॉपटेन अपराधी लाल सिह राजपुत के विरुद्ध जिला प्रतापगढ के थाना अरनोद, चितौडगढ के थाना निम्बाहेडा, चूरू के थाना छापर, जोधपुर के थाना जयनारायण व्यास, अजमेर के थाना नसीराबाद, मध्यप्रदेश के रतलाम के थाना ताल तथा पुलिस थाना डीग जिला सिरसा हरियाणा में एनडीपीएस तथा आर्मस एक्ट के तथा थाना प्रतापगढ में राज. कारागार अधिनियम में प्रकरण दर्ज है। मंगलवार को एसएचओ हजारी लाल को आसूचना मिली कि थाना अरनोद पर वाछिंत अभियुक्त लाल सिंह अभी अपने घर पर आया हुआ है। आसूचना के बारे में उन्होंने एसपी बंसल को बताया। जिनके निर्देश पर सीओ अरनोद चन्द्रशेखर पालीवाल के सुपरविजन एवं एसएचओ हजारी लाल मीणा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा गांव रिछा पहुंच घर पर दबिश देकर आरोपी लाल सिंह को गिरफ्तार किया गया। लाल सिंह लम्बे समय से फरार था। जिसकी गिरफ्तारी के लिये कई बार पुलिस टीम का गठन किया जाकर तलाश की जा रही थी। आरोपी की गिरफ्तारी में कांस्टेबल प्रहलाद व गजेन्द्र सिंह की विशेष भूमिका रही।

# आडंबर मुक्त समाजः स्वच्छता, सौंदर्य और मोक्ष का वास्तविक मार्गः मुनि प्रितेशविजय

कार्यालय संवाददाता



**पदमावत मीडिया, मुंबई ।** मुंबई सहित पूरे देश के जैन समाज में राजस्थान के गोडवाड़ की पंचतीर्थी नाडोल की दुर्भाग्यपूर्ण पटाखा घटना ने हमें आत्ममंथन का अवसर दिया है। धर्म और समाज सेवा का वास्तविक उद्देश्य क्या है? क्या कुछ दिनों की अस्थायी सजावट और आडंबर धर्म की सेवा हैं,या फिर समाज के स्थायी विकास के लिए सामूहिक प्रयास ही धर्म का सच्चा रूप है? जिस धन को हम पांडालों, आतिशबाजी और अल्पकालिक भव्यता पर खर्च करते हैं, उसी धन से यदि हम गांवों की गलियों की सफाई, मकानों की बाहरी दीवारों की रंगाई-पुताई और स्थायी स्वच्छता अभियान चलाएं, तो न केवल गांव का स्वरूप सुंदर बनेगा, बल्कि समाज के विकास में एक नई चेतना का संचार होगा। आडंबरहीन जीवन ही मोक्ष का मार्ग दिखाता हैं। भगवान महावीर ने सादगी और अहिंसा का जो संदेश दिया, वह हमें दिखावे से दूर रहकर आत्मिक शांति की ओर ले जाता हैं। स्वच्छता और सुंदरता केवल बाहरी रूप से ही नहीं, बल्कि हमारे विचारों और कर्मों में भी झलकनी चाहिए। अगर गांव स्वच्छ, सुंदर और रंगीन दीवारों से सुसज्जित होंगे, तो वे न केवल एक आदर्श गांव की छवि पेश करेंगे, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा भी बनेंगे। मोक्ष का वास्तविक मार्ग त्याग, करुणा और समाज के लिए स्थायी भलाई में निहित हैं। धर्म का कार्य दिखावे में धन गंवाना नहीं, बल्कि समाज के हित में उसे लगाना हैं। हमें यह समझना होगा कि एक सुंदर और आडंबर मुक्त गांव ही सच्चे धर्म और मोक्ष के मार्ग की ओर पहला कदम है। इसलिए, अब समय आ गया हैं कि हम दिखावे को छोड़कर सामूहिक विकास, स्वच्छता और सौंदर्य को धर्म का वास्तविक स्वरूप मानते हुए समाज को एक नई दिशा दिखाएं।

**जिले में आज से 24 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह का होगा आयोजन**

# जिले की पंचायत समिति मुख्यालय में सुशासन-प्रशासन गांव की ओर 2024 शिविर का किया जाएगा आयोजन




पदमावत मीडिया

**सलूंबर ।** प्रशासनिक सुधार विभाग के निर्देशानुसार जिले में 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर, 2024 तक सुशासन सप्ताह मनाया जाएगा। सुशासन सप्ताह अंतर्गत जिले की प्रत्येक पंचायत समिति मुख्यालय में 'सुशासन-प्रशासन गांवो की ओर 2024% शिविरों का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश चंद्र पाटीदार ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य केन्द्र और राज्य सरकार के विभागों की सक्रिय भागीदारी और समर्थन से सुशासन को बढ़ावा देना है। शिविरों में प्राप्त आवेदनों व लम्बित प्रकरणों का सत्यापन करते हुए प्राथमिकता से निस्तारण किया जाएगा। सुशासन सप्ताह के सफल आयोजन को लेकर समयबद्ध तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसीईओ दिनेश चंद्र पाटीदार ने बताया कि जिले की प्रत्येक पंचायत समिति मुख्यालय में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में सभी विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे। शिविरों में जन शिकायतों के निस्तारण करते हुए विभिन्न विभागों द्वारा दी जा रही सेवाओं की प्रदायगी सुनिश्चित की जाएगी।

### शिविर कार्यक्रम

पंचायत समिति सलूंबर में 19 दिसंबर,
पंचायत समिति सराडा में 20 दिसंबर,
पंचायत समिति सेमारी में 21 दिसंबर,
पंचायत समिति लसाडिया में 22 दिसंबर,
पंचायत समिति झल्लारा में 23 दिसंबर,
पंचायत समिति जयसमंद में 24 दिसंबर को आयोजित किए जाएंगे।

# उदयपुर में ट्रैफिक जाम और पार्किंग समस्याओं के समाधान हेतु कठोर उपाय लागू करने की अपील



पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** होटल एसोसिएशन उदयपुर और बीसीआई टूरिज्म (बिज़नेस सर्कल इंडिया) ने शहर में बढ़ती ट्रैफिक और पार्किंग समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल को पत्र लिखा है। इसमें पार्किंग स्थलों की अनिवार्यता, ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन और सार्वजनिक जागरूकता अभियान जैसे ठोस उपायों का सुझाव दिया गया है। होटल एसोसिएशन उदयपुर के उपाध्यक्ष और बीसीआई टूरिज्म के चार्टर अध्यक्ष यशवर्धन राणावत, उदयपुर चौपाल के दिनेश भट्ट और जयवंत भेरविया ने बुधवार को ट्रैफिक डिप्टी एसपी अशोक आंजना से मुलाकात की। बैठक में ट्रैफिक जाम और पार्किंग की समस्या पर विस्तार से चर्चा की गई। डिप्टी एसपी आंजना ने आश्वासन दिया कि ट्रैफिक पुलिस जल्द ही समस्या समाधान के लिए सख्त कदम उठाएगी। बीसीआई संस्थापक मुकेश माधवानी ने कहा, उदयपुर जैसे पर्यटन शहर में ट्रैफिक और पार्किंग की समस्या गंभीर होती जा रही है। इससे नागरिकों और पर्यटकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हमने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि इन समस्याओं को प्राथमिकता देकर ठोस समाधान लागू किया जाए। इससे न केवल ट्रैफिक व्यवस्था सुधरेगी बल्कि शहर की छवि भी और बेहतर होगी। इस पत्र की प्रतियां ज़िला कलेक्टर के साथ संभागीय आयुक्त, पुलिस अधीक्षक और ट्रैफिक उपाधीक्षक को भी भेजी गई हैं। होटल एसोसिएशन उदयपुर और बीसीआई टूरिज्म ने उम्मीद जताई है कि इन प्रयासों से शहर में ट्रैफिक जाम और पार्किंग की समस्याओं में सुधार होगा और नागरिकों व पर्यटकों को राहत मिलेगी।

# संस्कृतियों के समागम का वन स्टॉप सेंटर है शिल्पग्रामः अमरावत

पदमावत मीडिया




**उदयपुर।** गृह मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य से युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के माय भारत, नेहरू युवा केंद्र उदयपुर द्वारा आयोजित कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तीसरे दिन शैक्षिक भ्रमण और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से युवाओं ने मेवाड़ की समृद्ध परंपरा और आधुनिक शिक्षा प्रणाली को गहराई से समझा। तीसरे दिन की शुरुआत प्रतिभागियों के पेसिफिक विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में शैक्षिक भ्रमण से हुई। यहां उन्होंने होटल मैनेजमेंट और फैशन टेक्नोलॉजी विभाग का दौरा किया। छात्रों ने आधुनिक शिक्षा और व्यवसायिक कौशल विकास के अवसरों को करीब से देखा और विशेषज्ञों से संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इसके बाद प्रतिभागी कृषि विज्ञान केंद्र, बड़गांव पहुंचे, जहां वैज्ञानिकों के साथ संवाद का आयोजन किया गया। यहां उन्होंने आधुनिक कृषि तकनीकों, जैविक खेती, और ग्रामीण विकास की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। वैज्ञानिकों ने कश्मीरी युवाओं को उनके क्षेत्रों में कृषि के उन्नत तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। शिल्पग्राम उत्सव ने युवाओं को राजस्थान की विविध सांस्कृतिक परंपराओं और लोक कलाओं से परिचित कराया। यहां प्रतिभागियों ने राज्य की पारंपरिक हस्तशिल्प, संगीत और नृत्य को करीब से देखा। इसके साथ ही, पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर के उपनिदेशक पवन कुमार अमरावत के साथ संवाद सत्र आयोजित किया गया। पवन कुमार ने युवाओं को भारतीय संस्कृति की विविधता और इसके संरक्षण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। दिन के अंत में युवाओं ने शैक्षिक और सांस्कृतिक अनुभवों से प्रेरणा लेते हुए इस आदान-प्रदान कार्यक्रम को राष्ट्रीय एकता और भाईचारे की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। कार्यक्रम के दौरान जिला युवा अधिकारी शुभम पुरबिया ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल युवाओं के ज्ञान का विस्तार होता है, बल्कि वे राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का महत्व भी समझते हैं। दिन के समापन पर प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए नेहरू युवा केंद्र उदयपुर और सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।

**एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की सूचना पर उत्तरप्रदेश में पकडी गई 1 करोड़ की अवैध अंग्रेजी शराब**

# पंजाब से तस्करी कर शराब प्रतिबंधित राज्य बिहार ले जा रहा ट्रक चालक अवैध शराब सहित गिरफ्तार

पदमावत मीडिया



**जयपुर ।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम की सूचना पर यूपी एसटीएफ की टीम ने मैनपुरी जिले के बिछ्वा थाना इलाके में एक ट्रक को रुकवा कर करीब एक करोड़ रुपए कीमत की अवैध अंग्रेजी शराब की 800 पेटियां जब्त की है। उक्त अवैध अंग्रेजी शराब पंजाब से बिहार सप्लाई की जानी थी। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एम एन ने बताया कि एजीटीएफ की टीम लगातार अवैध मादक पदार्थ, हथियार एवं शराब के तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। गौरतलब है कि साल 2016 से बिहार राज्य में शराब की बिक्री व सेवन पूर्णतया प्रतिबंधित है। एजीटीएफ को सूचना मिल रही थी कि पंजाब से अवैध तरीके से शराब बिहार तस्करी की जा रही है। एडीजी एमएन ने बताया कि इस पर उपमहानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्वांत शर्मा के सुपरविजन एवं उप निरीक्षक सुभाष सिंह तंवर के नेतृत्व में एएसआई शंकरदयाल, हैड कांस्टेबल नरेन्द्र सिंह, सुरेश कुमार, कमल सिंह, कांस्टेबल नरेश कुमार व चालक सुरेश कुमार की टीम को आसूचना संकलन के लिए रवाना किया गया था। आसूचना संकलन के दौरान टीम के सदस्य हैड कांस्टेबल कमल सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि एक 10 चक्का बंद बॉडी ट्रक पंजाब से शराब भरकर बिहार मे सप्लाई के लिए जा रहा है। इस सूचना पर टीम के सदस्यों ने पंजाब से बिहार जाने वाले रास्तों की निगरानी शुरू की, जिसमे पता चला कि उक्त ट्रक राजस्थान की सीमा से बाहर ही बिहार को चला जायेगा। इस पर टीम ने तुरंत मैनपुरी उत्तरप्रदेश जिले की एसटीएफ को सूचना दी। टीम की सूचना पर यूपी एसटीएफ ने बीछ्वा थाना क्षेत्र में ट्रक को रुकवा लिया। जिसमे 800 कार्टन अग्रेजी शराब के मिले। अवैध अंग्रेजी शराब एवं ट्रक को जब्त एसटीएफ ने ड्राईवर मोहन को गिरफ्तार कर लिया। जब्त अग्रेजी शराब की अन्तराष्ट्रीय बाजार कीमत एक करोड़ रुपये आंकी गई है। एएसपी सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन एवं उपनिरीक्षक सुभाष सिंह तंवर के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में हैड कांस्टेबल कमल सिंह की विशेष भूमिका व एएसआई शंकर दयाल की तकनीकी भूमिका रही। टीम के सदस्य हैड कांस्टेबल नरेन्द्र सिंह, सुरेश कुमार, कांस्टेबल नरेश कुमार कांस्टेबल चालक सुरेश कुमार का सराहनीय सहयोग रहा है।

# अजमेर डिस्कॉम उपभोक्ताओं का करेगा स्पॉट बिलिंग

पदमावत मीडिया



**अजमेर।** अजमेर विद्युत वितरण निगम अपने उपभोक्ताओं की बिलिंग जनवरी 2025 से स्पॉट बिलिंग के माध्यम से करेगा, यह कार्य बेलारी कंप्यूटर एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी सर्विसेज को दिया गया है। दिनेश सिंह ,अधीक्षण अभियंता अजमेर ने बताया की आज स्पॉट बिलिंग के लिए अजमेर सर्कल के सभी सबडिवीजन किशनगढ़, पुष्कर में कनिष्ठ अभियंता, फीडर इंचार्ज, सहायक अभियंता एवं राजस्व अधिकारी की मीटिंग लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। सिंह ने कहा की अजमेर सर्किल के तीन लाख उनतीस हजार उपभोक्ताओं को बिल स्पॉट बिलिंग सिस्टम से दिया जाएगा । अजमेर सर्कल में ढाई लाख उपभोक्ता घरेलू श्रेणी के, चालीस उपभोक्ता कमर्शियल श्रेणी के छतीस हजार उपभोक्ता कृषि श्रेणी के एवं ढाई हजार उपभोक्ता एचटी, एमआईपी श्रेणी के व बाकी अन्य श्रेणी के उपभोक्ता हैं ।

दिनेश सिंह ने बताया की पच्चीस एचपी के नीचे के उपभोक्ताओं की स्पॉट बिलिंग होगी,पच्चीस एचपी से ऊपर के एचटी और एमआईपी श्रेणी के उपभोक्ताओं की बिलिंग रीडिंग लाकर पहले की तरह कार्यालय से की जाएगी, बाकी उपभोक्ताओं के बिल स्पॉट बिलिंग के माध्यम से जारी किया जाएगा । सहायक अभियंता ग्रामीण को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में स्पॉट बिलिंग के लिए चयनित किया गया था, नवंबर महीने से किशनगढ़ ग्रामीण के उपभोक्ताओं की स्पॉट बिलिंग की जा रही है, जिसका सुखद परिणाम उपभोक्ताओं को मिला और उपभोक्ता संतुष्टि बड़ी है। सिंह ने बताया की पहले उपभोक्ता को शिकायत रहती थी की बिल समय पर नहीं मिला, मीटर रीडर रीडिंग सही नहीं लिया, इस समस्या का समाधान है- स्पॉट बिलिंग ,मीटर रीडर / तकनीकी कर्मचारी उपभोक्ता के घर जाएगा, मौके पर रीडिंग लेकर हाथों-हाथ उपभोक्ता का बिल जारी करेगा, जिससे बिल नहीं मिलने, बिल देरी से मिलने, रीडिंग सही नहीं लेने की शिकायत खत्म होगी और उपभोक्ता को बिल संबंधी शिकायत एवं समस्या का समाधान होगा, उपभोक्ता को बिजली बिल एवं गलत रीडिंग के लिए बार-बार ऑफिस का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा, उपभोक्ता का समय व संसाधनों की बचत होगी। सिंह ने बताया की कर्मचारियों को भी उपभोक्ता के समस्याओं के समाधान में लगने वाले समय में बचत होगी, कर्मचारी को निगम का अन्य कार्य करने के लिए भी पर्याप्त समय मिलेगा। निगम के टैरिफ के अनुसार उपभोक्ता बिजली का बिल ड्यू डेट अंतिम तिथि से दस दिन पहले जमा करता है तो 0.35त्न और 7 दिन पहले बिजली का बिल जमा करता है तो पॉइंट .15त्न बिल राशि के छूट का लाभ ले सकता है। कैसे होगा स्पॉट बिलिंग - मीटर रीडिंग के लिए मीटर रीडर एवं तकनीकी कर्मचारियों को उपभोक्ता के घर कार्यालय, फैक्ट्री में जाकर लेना होगा , रीडिंग व बिलिंग के लिए मीटर रीडर एवं तकनीकी कर्मचारी को इंस्ट्रूमेंट मिलेगा उसमें जीपीएस सिस्टम लगा हुआ है, मीटर रीडर को रीडिंग एवं बिलिंग के लिए उपभोक्ता के घर प्रतिष्ठान में जाना होगा इसके बिना उपभोक्ता का बिल मीटर रीडर जारी नहीं कर सकता। निगम मीटर रीडर एवं तकनीकी कर्मचारी पर ऑनलाइन निगरानी रखेगा की मीटर रीडर प्रतिदिन कितने उपभोक्ता की रीडिंग लिया या एक भी उपभोक्ता की रीडिंग नहीं लिया। मीटर रीडर, तकनीकी कर्मचारी के लापरवाही यह शेड्यूल के अनुसार कार्य नहीं करने पर सिस्टम बता देगा, निगम लापरवाह मीटर रीडर एवं कर्मचारी पर कारवाई कर सकेगा।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।